स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड को हुआ लाभ और घाटा

205. **श्री विश्वासराव रामराव पाटिल** : क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड को हुए लाभ/घाटे का वर्ष वार ब्यौरा क्या है; और

(ख) स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड में इस समय कितने महाप्रबंधक कार्यरत हैं ?

उद्योग मंत्रालय (भारी उद्योग विभाग और लोक उद्यम विभाग) में राज्य मंत्री (श्री पी० के० थुंगन) : (क) स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड को पिछले तीन वर्षों में हुआ घाटा निम्न प्रकार है :—

(लाख रुपयों में)

वर्ष	रोकड़ घाटा	निवल घाटा
1989–90	1837	4289
1990–91	1764	4825
1991–92 (अनंतिम)	1515	5280

(ख) स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड में इस समय केवल एक महाप्रबन्धक कार्यरत है ।

मारुति उद्योग लिमिटेड के भूतपूर्व अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक के विरुद्ध शिकायतें

206. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या **प्रधान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मारुति उद्योग लिमिटेड के भूतपूर्व अध्यक्ष-व-प्रबंधक निदेशक विरुद्ध प्राप्त हुई शिकायतों का ब्यौरा क्या है ;

(ख) सरकार इन पर क्या कार्यवाही कर रही है ;

(ग) क्या इनकी जांच केन्द्रीय जांच ब्यूरो द्वारा की जा रही है; और

(घ) यदि हां, तो वह किस चरण में है ?

उद्योग मंत्रालय (भारी उद्योग विभाग और लोक उद्यम विभाग) में राज्य मंत्री (श्री पी० के० थुंगन) : (क) से (घ) अनुमगनतः यह प्रश्न मारुति उद्योग लि० के वर्तमान अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक के सम्बंध में है। उनके विरुद्ध कुछ आरोप प्राप्त हुए हैं जिन्हें विवरण में दर्शाया गया है। [नीचे देखिये]

केन्द्रीय जांच ब्यूरो ने विवरण में (1) और (2) में वर्णित दो विशिष्ट आरोपों की जांच की है ।

इन मामलों में सरकार द्वारा विचार किया जा रहा है ।

विवरण

(1) कांडला पत्तन से गुड़गांव तक एस०के०डी० तथा सी०के०डी० उपकरणों के परिवहन के लिए संविदा देने में अनियमितता ।

(2) वातानुकूलनों की खरीद के लिए संविदा देने में अनियमितता ।

(3) किराए पर कार योजना के लिए ठेका देना ।

(4) भौंडसी में उच्च मूल्य पर भूमि की खरीद ।

(5) गाजियाबाद में डीलरशिप के आबंटन में अनियमितता ।

(6) कार किटों का आयात और उनका स्क्रैप के रूप में निपटान ।

(7) जानबूझकर उन उपकरणों का आयात करना जिनकी आवश्यकता नहीं थी, जिसके कारण कंपनी को हानि तथा राष्ट्र को विदेशी मुद्रा का नुकसान हुआ ।

(8) अमरीका के सिटी बैंक के सहयोग से भ्रष्टाचार ।

(9) हैदराबाद में डीलर द्वारा मारुति के पक्ष में एकत्रित निधियों का दुर्विनियोजन ।

(10) गुमशुदा वाहनों के आरोप ।